
उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 18.03.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।




आज दिनांक- 18.03.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं
प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 18.03.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश-

होली त्यौहार के दृष्टिगत एक लम्बे अन्तराल के बाद आज दिनांकः- 18.03.2025 को खुल रहे बैंक व अन्य वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर जनपद महोबा में पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारिओं द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी।

जनपदीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी।

इसी क्रम में पुलिस टीम ने बैंक चेकिंग के दौरान बैंक आये हुए आम जनमानस से संवाद स्थापित कर उनको धोखा-धड़ी, जालसाजी, ठगी/टप्पेबाजी से बचाव हेतु जागरूक किया गया।



# महोबा पुलिस



## थाना खन्ना की पुलिस टीम ने
## 01 नफर वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में त्यौहारों को शान्तिपूर्ण माहौल में सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 18.03.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना खन्ना श्री वीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित की गई उ0नि0 मौजीलाल मय हमराह का0 रमेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त राजाभइया पुत्र भोजा प्रजापति उम्र करीब 42 वर्ष निवासी ग्राम मवईखुर्द थाना खन्ना जनपद महोबा सम्बंधित मु0न0 39/20 धारा 128 सीआरपीसी में मा0 न्यायालय महोबा द्वारा निर्गत गिरफ्तारी वारण्ट के अनुपालन में अभियुक्त उपरोक्त को ग्राम मवईखुर्द के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

राजाभइया पुत्र भोजा प्रजापति उम्र करीब 42 वर्ष निवासी ग्राम मवईखुर्द थाना खन्ना जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम -

1.उ0नि0 मौजीलाल वर्मा
2.का0 रमेश कुमार



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 18.03.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कबरई की पुलिस टीम ने चोरी की घटना में सम्मिलित 06 नफर अभियुक्तों को चोरी की सम्पत्ति (04 अदद बैटरी) व चोरी की घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल के साथ किया गिरफ्तार–

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में त्यौहारों को शान्तिपूर्ण माहौल में सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक- 18.03.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई श्री नरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित की गयी पुलिस टीम द्वारा थाना कबरई क्षेत्र अन्तर्गत मण्डी परिषद में खडे ट्रकों से बैटरी चोरी की घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत किये गये मु0अ0स0 90/25 धारा 331(4)/305/3(5)/317(2) बीएनएस से सम्बन्धित 06 नफर वांछित अभियुक्तगण क्रमशः **1.**अशोक कुमार पुत्र सुखनन्दन अनुरागी उम्र 22 वर्ष नि0 ग्रा0 सुकौरा थाना कबरई जनपद महोबा **2.**रवि पुत्र शोबरन सिंह उम्र 28 वर्ष नि0 ग्रा0 सुकौरा थाना कबरई जनपद महोबा **3.**महेन्द्र पुत्र बाबू पाल उम्र 30 वर्ष नि0 ग्रा0 सुकौरा थाना कबरई जनपद महोबा हालपता मु0 किदवई नगर थाना कबरई जनपद महोबा **4.**मलखान कुमार पुत्र जगमोहन अनुरागी उम्र 23 वर्ष नि0ग्रा0 भवानी थाना मौदहा जनपद हमीरपुर **5.**जीतू सिंह पुत्र स्व0 भूपत सिंह नि0ग्रा0 रिवई थाना कबरई जनपद महोबा **6.**सुनील पुत्र नाथूराम अनुरागी उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम सुकौरा थाना कबरई जनपद महोबा को थानाक्षेत्र के भिन्न-भिन्न स्थानों से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की 04 अदद बैट्री व चोरी की घटना में प्रयुक्त 01 अदद मोटरसाइकिल नं0 UP95Y7149 को बरामद किया गया है, बरामद मोटरसाइकिल को अन्तर्गत धारा 213(5)E एमवीएक्ट के तहत सीज किया गया है। गिरफ्तारी अभियुक्तों को आवश्यक कार्यवाही उपरान्त मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया है।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1.व0उ0नि0 मलखान सिंह 2. उ0नि0 अनुज कुमार सिंह 3. उ0नि0 सूर्यभान सिंह 4. हे0का0 रामकरन 5. का0 धीरेन्द्र कुमार 6. का0 बृजेश कुमार

